मनोज कुमार सिंह
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
**Manoj Kumar Singh**
**Chief Executive Officer**

स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन
उत्तर प्रदेश सरकार
**State Transformation Commission**
**Government of Uttar Pradesh**

संख्याः 129/पीएस/सीईओएसटीसी/2025
दिनांकः 29 दिसम्बर, 2025

प्रिय महोदय,

स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन अनुभाग–2 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः (5025/25) 4925/35–एस0टी0सी0 अनुभाग–2/2025, दिनांक 24.12.2025 के द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में **CM-SAMEKSHA (Statewide Monitoring, Evaluation and Key-projects Supervision for High-Level Accountability)** प्रत्येक माह के तीसरे सोमवार को अपरान्ह् 03–04 बजे के मध्य आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त कार्यालय ज्ञाप की प्रति संलग्नक–1 पर है। समीक्षा में मुख्य सचिव व मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यालय के अधिकारी भौतिक रूप से बैठक में भाग लेंगे। शेष सम्बन्धित विभागों के अधिकारी बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

माह जनवरी, 2026 का तीसरा सोमवार दिनांक 19.01.2026 को है। अतः उक्त तिथि में अपरान्ह् 03–04 बजे के मध्य उपरोक्त बैठक 5, कालीदास स्थित मुख्यमंत्री आवास के सभाकक्ष में की जाएगी।

दिनांक 19 जनवरी, 2026 की प्रस्तावित बैठक में समीक्षा के लिये एजेण्डा में निम्नलिखित प्रोजेक्ट/कार्यक्रम लिये जाएंगेः–

1– **गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगतिः**
(अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त/अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा।)

2– **मध्य गंगा नहर परियोजना (स्टेज–2) पूर्ण करने की स्थितिः अमरोहा में भूमि अधिग्रहण के प्रकरण का निस्तारण**
(प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग/प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग/प्रमुख सचिव, न्याय विभाग/आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद/जिलाधिकारी, अमरोहा, मुख्य अभियन्ता, मध्यगंगा परियोजना, अलीगढ़)

3– **ऐरच सिंचाई परियोजना पूर्ण करने की स्थितिः**
(प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग/प्रमुख सचिव, गृह विभाग/आयुक्त, झांसी मण्डल, झांसी/जिलाधिकारी, झांसी/मुख्य अभियन्ता, सिंचाई, झांसी।)

4– **रिहन्द एवं ओवरा जल विद्युत परियोजना पर पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट की स्थापनाः**
(अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा/अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड)

5– **जेवर इण्टर नेशनल एयरपोर्ट**
(सचिव, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार/अपर मुख्य सचिव, नागरिक उड्डयन विभाग उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, एयरपोर्ट आथार्रिटी ऑफ

इण्डिया / महानिदेशक, नागरिक उड्डयन, भारत सरकार / सी0ई0ओ0, यीडा / सी0ई0ओ0 यमुना इण्टरनेशनल एयरपोर्ट प्रा0लि0)

6– **ग्रेटर नोएडा (IITGNL) में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क एवं मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (MMLP/MMTH)**
(सचिव, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार / अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा / निदेशक, डी0एम0आई0सी0डी0सी0–एस0पी0वी0)

7– **चिल्ला एलिवेटेड फ्लाई ओवर, नोएडा के निर्माण की स्थितिः**
(अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग / लोक निर्माण विभाग / मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा / प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 ब्रिज कारपोरेशन)

8– **सी0एम0 मॉडल कम्पोजिट स्कूलों के निर्माण की स्थितिः**
(अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा / अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण / अपर मुख्य सचिव, नगर विकास विभाग / प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग / प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम)

9– **औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के लिए मॉडल बिल्डिंग बायलॉज प्रख्यापित करने की स्थितिः**
(अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त / अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग / मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इनवेस्ट यू0पी0 / नोएडा / ग्रेटर नोएडा / यीडा / यूपीसीडा)

10– **जनवरी, 2026 के PRAGATI बैठक में लिए जाने वाले प्रदेश से सम्बन्धित प्रोजेक्ट्सः**
(प्रमुख सचिव, नियोजन)

सम्बन्धित प्रोजेक्ट के नीचे उन अधिकारियों का विवरण है जिनसे प्रोजेक्ट की अद्यतन स्थिति पर टिप्पणी प्राप्त की जानी है तथा जिनसे बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेने हेतु अनुरोध है। कार्यक्रम / प्रोग्राम से सम्बन्धित अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव द्वारा दिनांक 15.01.2026 तक प्रोजेक्ट्स से संबंधित प्रगति विवरण का नोट अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश (श्री अक्षत वर्मा) को तथा ई–मेल आई0डी0–**cmsamiksha2026@gmail.com** पर उपलब्ध कराया जाएगा। वीडीयो कान्सफ्रेंसिंग हेतु लिंक निम्नवत हैः–

**संलग्नकः यथोक्त।**

**https://us06web.zoom.us/j/84882412069?pwd=vxeb2SDbTsr7fQbESTn7qTI6nJkaKj.1**

**Meeting ID: 848 8241 2069**
**Passcode: 12345**

सादर।

29.12.25
(मनोज कुमार सिंह)

**श्री एस0पी0 गोयल,**
**मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश शासन**

**<u>संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
2— सचिव, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार।
3— अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4— अपर मुख्य सचिव, उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5— अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6— अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7— अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8— अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
9— प्रमुख सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
10— प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
11— प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
12— प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
13— प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
14— प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
15— प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
16— अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन।
17— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इनवेस्ट यू0पी0।
18— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा।
19— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा।
20— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा।
21— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यीडा।
22— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा।
23— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा इण्टरनेशन एयरपोर्ट लि0 (नाएल)।
24— प्रबन्ध निदेशक, जल निगम, उत्तर प्रदेश।
25— प्रबन्ध निदेशक, ब्रिज कारपोरेशन, उत्तर प्रदेश।
26— आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
27— आयुक्त, झांसी मण्डल, झांसी।
27— जिलाधिकारी, अमरोहा।
28— जिलाधिकारी, झांसी।
29— प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0।
30— प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई विभाग, उ0प्र0।
31— अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ कि सभी प्रोजेक्ट्स पर पृथक पत्रावली तैयार कर ससमय संबन्धित अधिकारियों से टिप्पणी प्राप्त कर प्रस्तुत करें तथा समीक्षा बैठक हेतु प्रस्तुतीकरण (पी0पी0टी0) तैयार करायें।

Manoj 29.12.25

(मनोज कुमार सिंह)

संलग्नक-1

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन अनुभाग-2
(नियोजन विभाग)
संख्या : (5025/25) 4925/35-एस0टी0सी0 अनुभाग -2/2025
लखनऊ: दिनांक: 24 दिसम्बर, 2025

**कार्यालय-ज्ञाप**

स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यों में विभाग के कार्यों व योजनाओं की समीक्षा का दायित्व है। बड़ी परियोजनाओं/योजनाओं की समीक्षा शीर्ष स्तर पर करना, जहाँ एक ओर प्रोजेक्ट को समयबद्ध तरीके से पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए भी अत्यन्त आवश्यक है वहीं दूसरी ओर जन-सामान्य के लिए ससमय सुविधाएँ मुहैय्या कराने के लिए आवश्यक है। योजना/कार्यक्रमों में तेज गति से कार्य हो, यह बडे पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए भी जरूरी है।

भारत सरकार में मा0 प्रधानमंत्री जी के स्तर पर प्रत्येक माह में प्रगति (PRAGATI) (Pro-Active Governance and Timely Implementation) के अंतर्गत बड़े प्रोजेक्टस व कार्यक्रमों की हर माह समीक्षा की जाती है।

प्रदेश में मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर पर प्रत्येक माह के तीसरे सोमवार को CM-SAMEKSHA (Statewide Monitoring, Evaluation and Key-projects supervision for High-Level Accountability) द्वारा प्रदेश में संचालित बड़ी परियोजनाओं/कार्यक्रमों की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी वी0सी0 के माध्यम से ऑनलाईन जुडेंगे तथा सम्बन्धित मण्डल व जनपद के मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी, विभागाध्यक्ष आवश्यकतानुसार ऑनलाईन बैठक में जोड़े जायेंगे।

स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन द्वारा प्रत्येक माह लगभग 10 ऐसे प्रोजेक्ट/कार्यक्रम चिन्हित कर मा0 मुख्यमंत्री जी के समक्ष विशेष समीक्षा हेतु प्रस्तुत किए जायेंगे। सामान्यत: यह ऐसे प्रोजेक्ट/कार्यक्रम होंगे, जो बडे महत्व के हों तथा ज्यादा से ज्यादा जन-सामान्य से जुडे हुए हों, जिनमें प्रदेश सरकार के कई विभागों अथवा भारत सरकार के विभागों के साथ समन्वय निहित हों। उपरोक्त बैठक प्रत्येक माह के तीसरे सोमवार को अपराह्न 3:00-4:00 बजे के मध्य आयोजित होगी।

यह आदेश सक्षम स्तर के अनुमोदन से निर्गत किया जा रहा है।

Manoj
24.12.25
(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी।

संख्या-(5025/25)4925/35-एस0टी0सी0 अनुभाग-2/2025 तददिनांक :-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, समस्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4. अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
6. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
8. नियोजन/स्टेट ट्रान्सफार्मेशन के समस्त अनुभाग।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अक्षत वर्मा)

अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी।